# मध्य पश्चिम में घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह

विक्टोरिया सरकार विक्टोरिया के मध्य पश्चिम क्षेत्र में 75,000 हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रफल के नए पार्कों और अभ्यारण्यों (रिज़र्व) का निर्माण कर रही है, जिसमें तीन नए राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।

## विक्टोरिया में जलाऊ लकड़ी

**महत्वपूर्ण बात यह है कि घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह के अवसर बने रहेंगे, जिनसे मध्य पश्चिम विक्टोरिया में स्थानीय समुदायों को समर्थन मिलता है।**

विक्टोरिया में पतझड़ और वसंत ऋतु की संग्रहण अवधि के दौरान नामांकित संग्रहण क्षेत्रों में सार्वजनिक भूमि पर घरेलू प्रयोग के लिए जलाऊ लकड़ी एकत्र की जा सकती है।

यह स्थानीय समुदायों और आवास को गर्म करने के लिए अपने प्राथमिक स्रोत के रूप में लकड़ी पर निर्भर करने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण है।

जलाऊ लकड़ी निःशुल्क संग्रह की जा सकती है, किंतु यह एक सीमित संसाधन है और केवल निर्धारित स्थलों पर ही एकत्र की जा सकती है, जहाँ यह अन्य वन-संबंधी मूल्यों, जैव विविधता व सांस्कृतिक विरासत के साथ संतुलन में है।

## मध्य पश्चिम में घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह के स्थल

वर्तमान में घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह के लिए उपलब्ध कुछ क्षेत्र सार्वजनिक भूमि के उपयोग के संबंध में किए जा रहे परिवर्तनों से प्रभावित होंगे। किंतु अगले दो वर्षों में आपूर्ति पर कोई भी असर पड़ने की उम्मीद नहीं है।

राजकीय वनों के निर्धारित स्थलों से घरेलू जलाऊ लकड़ी उपलब्ध बनी रहेगी। घरेलू जलाऊ लकड़ी अधिकांश नए क्षेत्रीय पार्कों में निर्दिष्ट स्थलों से जून 2029 तक उपलब्ध रहेगी।

घरेलू जलाऊ लकड़ी वन प्रबंधन गतिविधियों के उप-उत्पाद के रूप में उपलब्ध हो सकती है (उदाहरण के लिए, सुरक्षा उद्देश्यों और वन के स्वास्थ्य से संबंधित कार्यों के लिए खतरनाक पेड़ हटाना)।

प्रस्तावित राष्ट्रीय पार्क बनाने की प्रक्रिया में ऐसे कुछ क्षेत्रों से बाज़ारी प्रयोजनों के लिए लकड़ी की कटाई की अनुमति देने का मंचन किया जाएगा, जो पार्कों में शामिल किए जाने से पहले वर्तमान में राजकीय वनों के तहत आते हैं। इन क्षेत्रों में घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह (निर्धारित स्थलों से) तब तक संभव होगा, जब तक इन क्षेत्रों को पार्कों में सम्मिलित नहीं कर दिया जाता है।

## वेल्सफोर्ड ब्लॉक

वन की पारिस्थितिक संरचना में सुधार करने के प्रयोजन से जून 2029 तक कुछ घरेलू जलाऊ लकड़ी का संग्रह बेंडिगो क्षेत्रीय पार्क के अलावा कुछ अन्य चुने हुए निर्धारित स्थलों से भी उपलब्ध होगा।

## वॉम्बैट-मैसेडॉन ब्लॉक

चार नए क्षेत्रीय पार्कों और क्षेत्रीय पार्क परिवर्धनों में कुछ मात्रा में घरेलू जलाऊ लकड़ी का संग्रह जून 2029 तक संभव होगा।

जिन क्षेत्रों में बाज़ारी प्रयोजनों से इमारती लकड़ी की कटाई की अनुमति है, उन्हें नए वॉम्बैट-लर्डरडर्ग राष्ट्रीय पार्क में शामिल किए जाने से पहले उनके अंदर स्थित कुछ निर्धारित स्थलों से घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह भी संभव होगा।

## माउंट कोल-पिरेनीस ब्लॉक

- माउंट कोल-पिरेनीस ब्लॉक में 11,901 हेक्टेयर क्षेत्रफल के राजकीय वन यथावत बनाए रखे जाएँगे, जहाँ स्थित निर्धारित स्थलों से घरेलू जलाऊ लकड़ी का संग्रह किया जा सकता है।
- जिन क्षेत्रों में बाज़ारी प्रयोजनों के लिए इमारती लकड़ी की कटाई की अनुमति है, उन्हें नए माउंट बुएंगर और पिरेनीस राष्ट्रीय पार्कों में शामिल किए जाने से पहले उनके अंदर स्थित निर्धारित स्थलों से घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह भी संभव होगा।
- पिरेनीस क्षेत्रीय पार्क में भी अधिकतम दो वर्षों के लिए घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह (कटाई कूपों में निर्धारित किए गए स्थलों से) संभव होगा।

# ऊर्जा के वैकल्पिक संसाधन और स्थानीय समुदायों के लिए समर्थन

विक्टोरिया सरकार के पास स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा आपूर्ति संसाधनों के प्रयोग में पारगमन करने के समर्थन में कार्यक्रम उपलब्ध हैं। जुलाई 2021 से आवासीय हीटिंग एवं कूलिंग अपग्रेड्स कार्यक्रम (Home Heating and Cooling Upgrades Program) उच्च दक्षता के हीटिंग और कूलिंग सिस्टमों को खरीदने और स्थापित करने की लागत में $1,000 की आधारिक छूट प्रदान करेगा।

- जहाँ जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति कम है, वहाँ कम आय वाले जलाऊ लकड़ी उपयोगकर्ताओं को ईंधन की कीमतों में आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए कई सरकारी कार्यक्रम सुलभ हैं। और अधिक जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध है: https://www.ffm.vic.gov.au/firewood/energy-concession-and-support
- भविष्य में जलाऊ लकड़ी के उपयोगकर्ताओं को समर्थन देने के लिए विक्टोरिया सरकार पूरे राज्य-भर में

घरेलू जलाऊ लकड़ी की मांग और आपूर्ति की सीमाओं के ऊपर अनुसंधान करेगी। इस अनुसंधान से विक्टोरिया में घरेलू जलाऊ लकड़ी के भविष्य के प्रबंधन के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।
- $250 का ऊर्जा बचत बोनस (पीएसबी) [Power Saving Bonus (PSB)] कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी के परिणामस्वरूप ऊर्जा बिलों में तनाव का सामना करने वाले विक्टोरिया के अतिसंवेदनशील घरबारों को सीधे समर्थन देने के लिए $250 की धनराशि का एकमुश्त भुगतान है।

निम्नलिखित रियायत कार्ड कार्यक्रमों के तहत भुगतान प्राप्त करने वाले लोगों के लिए पीएसबी (PSB) उपलब्ध है:

- सेंटरलिंक पेंशनर रियायत
- जॉबसीकर
- युवा भत्ता
- ऑस्टडी
- एबस्टडी
- सेनानिवृत्त मामले विभाग (Department of Veterans Affairs) की पेंशनर रियायत, या
- सेनानिवृत्त मामले विभाग (Department of Veterans Affairs) का गोल्ड कार्ड।

## इन परिवर्तनों के बारे में

ये परिवर्तन विक्टोरियाई पर्यावरण मूल्यांकन परिषद (वीईएसी) [Victorian Environmental Assessment Council (VEAC)] की मध्य पश्चिम जांच अंतिम रिपोर्ट (Central West Investigation Final Report) और इसकी अनुशंसाओं के प्रति विक्टोरिया सरकार की प्रतिक्रिया को प्रतिबिंबित करते हैं।

ये परिवर्तन हमारी बहुमूल्य पर्यावरणीय और जैव-विविधता संबंधी परिसंपत्तियों का संरक्षण करते हैं और एक संवहनीय संतुलन का निर्माण करते हैं, जिसका उद्देश्य भूमि के सभी उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को वर्तमान और भविष्य में पूरा करना है।

आप हमारी वेबसाइट पर सरकार की प्रतिक्रिया देख सकते/सकती हैं।

घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह के बारे में और अधिक जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध है: https://www.ffm.vic.gov.au/firewood/firewood-collection-in-your-region

यदि आपको समर्थन की आवश्यकता है, तो अनुवाद और भाषांतरण में सहायता के लिए कृपया Translating and Interpreting Service (TIS) से संपर्क करें। TIS National से 131 450 पर (ऑस्ट्रेलिया के अंदर) संपर्क करें या वेबसाइट www.tisnational.gov.au पर जाएँ।